**Date: 22-09-2014**

# हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान मुख्य राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त की गई चंदे की राशि और खर्च की गई राशि का विश्लेषणात्मक अध्ययन

## संक्षिप्त विवरण

- कानून के मुताबिक सभी राजनीतिक दलों को चुनाव समाप्त होने के 75 दिनों के अन्दर चुनाव के दौरान विभिन्न मदों में किये गए खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग के समक्ष समर्पित करना अनिवार्य है।
- राजनीतिक दलों को खर्च के ब्योरे में यह बताना होता है कि चुनाव के लिए किस रूप में कितनी राशि विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त किया गया है । उन्हे यह भी बताना अनिवार्य है कि नकद चेक, डिमांड ड्राफ्ट या अन्य किसी रूप में कितनी राशि प्राप्त कि गयी है और इसमे से विभिन्न मदों में कितना खर्च किया गया है।
- राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान जिला स्तर, निर्वाचन क्षेत्र स्तर और राज्य स्तर पर किये गये खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को देना होता है।
- **खर्च का ब्यौरा निम्नलिखित मदों में देना अनिवार्य है।**
    - चुनाव प्रचार
    - यात्रा और दल के कर्मचारियों
    - नेताओं के यात्रा के लिए खर्च की गई राशि
    - अन्य खर्च
    - विविध खर्च
- चुनाव के दौरान अधिसूचना जारी होने की तिथि से चुनाव समाप्त होने तक की अवधि के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा विभिन स्त्रोतों से प्राप्त की गई राशि और इसके खर्च का विवरण चुनाव आयोग के समक्ष देना होता है। यह अवधि 3 सप्ताह से लेकर 3 माह के बीच हो सकती है।
- एडीआर का यह विश्लेपण हरियाणा के विभिन राजनीतिक दलों के द्वारा प्रदेश के पिछले विधान सभा चुनाव यानि वर्ष 2009 में हुए विधान सभा चुनाव के दौरान 31—08—2009 से 25—10—2009 तक यानी कुल 56 दिनों के अर्न्तगत किये गए खर्च के संबंध में है।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान प्रस्तुत किए गए चुनाव खर्च का विवरण

| Details of Submission of Election Expenditure Statements by Haryana's Political Parties to ECI, Assembly Elections 2009 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Political Party** | **Status of Submission of Expenditure Statement to the ECI** | **Central Headquarters Level** | **State Level** | **District Level** | **Constituency Level** |
| **INC** | **Submitted** | Submitted | Submitted | **Not submitted** | Submitted |
| **BJP** | **Submitted** | Submitted | Submitted | **Not submitted** | Submitted |
| **BSP** | **Submitted** | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **NCP** | **Submitted** | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted |
| **CPI** | **Submitted** | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted |
| **CPM** | **Submitted** | Submitted | Submitted | **Not submitted** | Submitted |
| **HJC-BL** | **Submitted** | Submitted | Submitted | Submitted | Submitted |
| **INLD** | **Submitted** | Submitted | Submitted | **Not submitted** | **Not submitted** |
| **RJD** | **Not submitted** | | | | |

**तालिका– प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान प्रस्तुत किए गए चुनाव खर्च का विवरण**

## चुनाव खर्च विवरण का विस्तृत अध्ययन–

### राष्ट्रीय दलः प्राप्त किये गए चंदे और खर्च की गई राशि का विवरण


- जिन राष्ट्रीय दलों के चंदे और खर्च का विश्लेषण किया गया है वो इस प्रकार हैं– कांग्रेस, भाजपा, बसपा, एनसीपी, सीपीआई और सीपीएम।
- भाजपा ने चुनाव आयोग को अपना चुनाव खर्च अधूरा घोषित किया है, जो कि निर्धारित प्रारूप के अनुसार नही है।
- बसपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान अपना चंदा और खर्च शून्य घोषित किया है।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान सभी राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले चंदे की राशि रू. 13.78 करोड़ थी और चुनाव में खर्च की गई राशि रू. 12.01 करोड़ थी।

### क्षेत्रीय दलः प्राप्त किये गए चंदे और खर्च की गई राशि का विवरण

- जिन क्षेत्रीय दलों के चंदे और खर्च का विश्लेषण किया गया है वो इस प्रकार हैं– आरएलडी, आईएनएलडी और एचजेसी–बीएल
- 3 क्षेत्रीय दलों मे केवल आईएनएलडी और एचजेसी–बीएल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान अपना चंदा और खर्च का विवरण घोषित किया है।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान क्षेत्रीय दलों को मिलने वाले चंदे की राशि रू. 1.96 करोड़ थी और चुनाव में खर्च की गई राशि रू. 3.86 करोड़ थी।

| हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान प्रस्तुत किए गए चंदे और चुनाव खर्च का विवरण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Funds Collected (Rs in Crores) | | | | Expenditure incurred (Rs in Crores) | | | |
| Political Party | By Cash | By Cheque/DD | Unclassified Funds | Total | By Cash | By Cheque/DD | Remaining unpaid | Total |
| National Parties | 11.47 | 2.31 | - | **13.78** | 4.39 | 7.62 | - | **12.01** |
| Regional Parties | 0.3 | - | 1.66 | **1.96** | 2.17 | 1.47 | 0.22 | **3.86** |
| **Total** | **Rs 11.77 crores** | **Rs 2.31 crores** | **Rs 1.66 crores** | **Rs 15.74 crores** | **Rs 6.56 crores** | **Rs 9.09 crores** | **Rs 0.22 crores** | **Rs 15.87 crores** |


**तालिका– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान प्रस्तुत किए गए चंदे और चुनाव खर्च का विवरण**




**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत किए गए चंदे और चुनाव खर्च का विवरण**

## चुनाव के दौरान नकद और चेक के रूप में प्राप्त किये गए राशि का विश्लेषण

- राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के मिलने वाले चंदे की कुल राशि रू. 15.74 करोड़ थी, जिसमें रू. 11.77 करोड़ (74.78 प्रतिशत) नकद तथा रू. 2.31 करोड़ (14.67 प्रतिशत) का चेक/डिमांड ड्राफट था।
- एचजेसी–बीएल ने अपने चंदे का विवरण नगद/चेक/डिमांड ड्राफट के रूप में वर्गीकृत नही किया है, इसलिए इनके धन के विवरण को अवर्गीकृत माना गया है। कुल रू. 1.66 करोड़ यानि 10.55 प्रतिशत राजनीतिक दलों का चंदा अवर्गीकृत है।
- कांग्रेस ने रू. 11.31 करोड़ नगद रूप में प्राप्त किया जबकि 0.79 करोड चेक/डिमांड ड्राफट के माध्यम से प्राप्त किया। आईएनएलडी ने अपना सभी चंदा घोषित किया, आईएनएलडी ने कुल रू. 0.3 करोड़ नगद रूप में प्राप्त किया।





**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त किये गए चंदे का विवरण**

☞ सारे दलों के कुल चुनाव खर्च रू. 15.87 करोड़ में, रू. 6.56 करोड़ (41.34 प्रतिशत) नगद रूप में खर्च किया गया जबकि रू0 9.09 करोड़ (57.25 प्रतिशत) चेक/डिमांड ड्राफट के रूप में खर्च किया गया। कुल रू. 0. 224 करोड़ (1.4 प्रतिशत) पर कोई खर्च नही है।

☞ 5 दल, भाजपा, एनसीपी, सीपीआई, सीपीएम और एचजेसी–बीएल सभी ने अपना खर्च नगद रूप में दर्शाया। इन्होने कोई भी खर्च चेक या डिमांड ड्राफट के रूप में नही किया।

☞ कांग्रेस ने अपना खर्च रू. 7.62 करोड़ (70.74 प्रतिशत) चेक के रूप में और कुल 3.15 करोड़ (29.26 प्रतिशत) नगद रूप में दर्शाया।




आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा खर्च की गई राशि का विवरण

## राजनीतिक दलों के चुनावी खर्च का विश्लेषण


☞ राजनीतिक दलों ने जिन दो वर्गो के तहत अपना चुनाव खर्च घोषित किया है वो हैं– प्रचार, यात्रा, अन्य विविध खर्च

☞ हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों ने प्रचार–प्रसार पर 77 प्रतिशत, 20 प्रतिशत उम्मीदवारों पर, 2 प्रतिशत यात्रा पर और 1 प्रतिशत अन्य खर्च, पर खर्च किया।

☞ कांग्रेस, आईएनएलडी और एचजेसी–बीएल ने अधिकतम प्रचार–प्रसार पर खर्च किया जिसमें कांग्रेस ने रू. 7.62 प्रतिशत, आईएनएलडी ने रू. 1.98 करोड़ और एचजेसी–बीएल ने रू. 1.66 खर्च किया।

☞ भाजपा, एनसीपी, सीपीआई और आईएनएलडी ने निर्वाचन क्षेत्र (यानि व्यक्तिगत उम्मीदवारों पर) कोई खर्च घोषित नही किया है।

☞ कांग्रेस और सीपीएम ने यात्रा पर कोई भी खर्च घोषित नही किया।




**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न मदों पर खर्च की गई राशि का विवरण**


## राजनीतिक दलों के प्रचार पर खर्च का ब्यौरा

- प्रचार के तहत खर्च करने के मुख्यतः सात आईटम हैं– **मुद्रित सामग्री (छपा हुआ) (**चुनावी घोषणा पत्र, पम्पलेटस, पोस्टर, हैंडविल्स आदि**)**, **इलेक्ट्रोनिक मीडिया** (निजी चैनलों मे टाइम स्लाउट्स) का आंबटन, वीडियों फिल्मस तैयार कराना, ऑडियों कैसेट्स तैयार कराना, कट आउटस बनवाना, समाचार पत्रों में प्रचार के लिए सामग्री जारी करना, पत्रिका में प्रचार करवाना, होर्डिंग, बैनर झंडा, तोरणद्वार और अन्य मद में खर्च।

- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों ने इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर रू. 5.47 करोड़ (45.58 प्रतिशत), विज्ञापनो पर रू. 4.93 करोड़ (41.08 प्रतिशत) और मुद्रित (छपा हुआ) सामग्री पर रू. 0. 595 करोड़ (4.95 प्रतिशत) खर्च किया।

- कांग्रेस ने अधिकतम इलेक्टोनिक मीडिया पर प्रचार के लिए रू0 4.66 करोड़ खर्च किये। जबकि विज्ञापनो में प्रचार के लिए पार्टी ने रू0 2.73 करोड़ खर्च किया।

- भाजपा ने मुद्रित सामग्री के प्रचार पर किये गए खर्च की गणना गलत दी गई है। इस कारण भाजपा की मुद्रित सामग्री के डाटा को इस रिपोर्ट में शामिल नही किया गया है।
- एचजेसी–बीएल ने सबसे ज़्यादा रू. 1.14 करोड़ विज्ञापन पर खर्च किया है जबकि आईएनएलडी ने इसी पर रू. 1.05 करोड़ घोषित किया है।




**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार–प्रसार पर खर्च की गई राशि का विवरण**

## राजनीतिक दलों के यात्रा पर खर्च का ब्यौरा

☞ यात्रा के तहत खर्च करने के मुख्यतः 2 मद हैं– **यात्रा खर्च, और उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के यात्रा खर्च।** यह रेलगाड़ी, विमान या हेलीकाप्टर, चार, तीन और दो पहिया वाहन और पशु परिवहन यात्रा में विभाजित है।

☞ कांग्रेस और सीपीएम, दोनो दलों ने यात्रा पर कोई खर्च घोषित नही किया।

☞ आईएनएलडी ने यात्रा पर सबसे ज़्यादा रू. 19.95 लाख दर्शाया है जबकि भाजपा ने इस पर रू. 9.89 लाख दर्शाया है।

## एडीआर के सुझाव व अनुशंसाएं

☞ सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को चुनाव प्रचार के लिए कोई भी राशि मुहैया कराने वाले व सभी व्यक्तियों और संस्थाओं की सूची आम लोगों के लिए जारी की जानी चाहिए। इससे दलों को चंदा देने वाले लोगों और संस्थाओं के नाम और उनके द्वारा दलों की दी गई राशि का पूरा ब्योरा जनता के समक्ष उपलब्ध हो सकेगा तथा इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता आयेगी।

☞ सभी राजनीतिक दलों के द्वारा प्रत्येक वर्ष प्राप्त किये राशि के सबंध में राशि उपलब्ध कराने वाले का नाम राशि और तिथि का जिक्र करते हुए विस्तृत परिपत्र में चुनाव आयोग की समाप्ति करनी चाहिए। इस प्रक्रिया को अपनाये जाने से राजनीतिक दलों के द्वारा विभिन स्त्रोतों से प्राप्त की गई राशि के संबंध में न केवल पारदर्शिता आयेगी, बल्कि चुनाव में काला धन के उपयोग पर भी लगाम लगाया जा सकेगा। चुनाम के समय में इस प्रक्रिया को पूरी कठोरता के साथ लागू करने की आवश्यकता है।

- ☞ दलों के द्वारा प्राप्त किये राशि के विवरण परिपत्र में इस तथ्य का भी जीक्र किया जाना चाहिए कि राशि किस किस रू॰ में प्राप्त की गई है। यह राशि चेक, डिमांड डाफ्ट इलेक्टोनिक ट्रांसफर या नकद रूप में प्राप्त की गई या किसी और अन्य रूप में ।
- ☞ सभी राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव आयोग की ओर से पार्टी कियेगई परिपत्र में निर्वाचन क्षेत्र, जिलाराज्य स्तर पर चुनावी खर्च का ब्योरा उपलब्ध कराते हुए आयोग के समक्ष विस्तृत विवरणी समर्पित करना चाहिए।
- ☞ राजनीतिक दलों के द्वारा चुनाव आयोग को समर्पित खर्च विवरणी की गहनता से जांच कराई जानी चाहिए ताकि किसी भी मद मे ंखर्च किये गये राशि को छुपाया नहीं जासके।
- ☞ राजनीतिक दलों के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि वे भी लेनदेन (टांजेक्शन) चेक या डिमांड डाफ्ट के माध्यम से ही करे ताकि चुनावी खच्र में कालेधन का प्रभाव खत्म किया जा सके।
- ☞ चुनाव आयोग की ओर से उम्मीदवारों के खर्च पर निगरानी रखने के नियुक्त किये जाने वाले पर्यवेक्षक की तर्जपर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाना चाहिए।

## विस्तृत अध्ययन–

### चुनाव अवधि के दौरान (56 दिनों) प्राप्त चंदा–

- हरियाणा के विभिन राजनीतिक दलों के द्वारा प्रदेश के पिछले विधान सभा चुनाव यानि वर्ष 2009 में हुए विधान सभा चुनाव के दौरान 31–08–2009 से 25–10–2009 तक यानी कुल 56 दिनों के अर्न्तगत किये गए खर्च के संबंध में है।
- बसपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान अपना चंदा और खर्च शून्य घोषित किया है।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राष्ट्रीय दलों कांग्रेस, भाजपा, एनसीपी, सीपीआई और सीपीएम को मिलने वाले चंदे की राशि रू. 13.78 करोड़ थी।
- केवल आईएनएलडी और एचजेसी–बीएल ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान अपना चंदा और खर्च का विवरण घोषित किया है।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान क्षेत्रीय दलों को मिलने वाले चंदे की राशि रू. 1.96 करोड़ थी।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान प्रस्तुत किए गए चंदे और चुनाव खर्च का विवरण

- राजनीतिक दलों द्वारा भारतीय चुनाव आयोग को प्रस्तुत किए गये चंदे और चुनाव खर्च के विवरण को देखने पर पता चलता है कि ज़्यादातर चंदा नगद रूप में प्राप्त हुआ जबकि खर्च चेक या डिमांड ड्राफट के रूप में किया गया।
- बसपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान अपना चंदा और खर्च शून्य घोषित किया है।
- बसपा ने अपना चंदा और खर्च शून्य घोषित किया है। राष्ट्रीय दलों को रू. 11.47 करोड़ नगद तथा रू. 2. 31 करोड चेक/डिमांड ड्राफट चंदा प्राप्त हुआ जबकि राष्ट्रीय दलों ने रू. 4.39 करोड़ नगद तथा रू. 7.62 करोड़ चेक/डिमांड ड्राफट के रूप में खर्च किया।
- एचजेसी–बीएल ने चंदे के रूप में कोई राशि घोषित नही की, इसलिए यह अवर्गीकृत रहा। आईएनएलडी ने रू. 0.3 करोड़ नगद चंदा घोषित किया जबकि चेक के रूप में कोई चंदा घोषित नही किया।

| | Funds Collected (Rs in Lakhs) | | | | Expenditure Incurred (Rs in Lakhs) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Political Party | By Cash | By Cheque / DD | Unclassified funds | Total | By Cash | By Cheque / DD | Remaining unpaid | Total |
| **INC** | 1,130.80 | 79.00 | - | **1,209.80** | 315.00 | 761.67 | 0 | **1,076.67** |
| **BJP** | **8.50** | **150.00** | - | **158.50** | **116.33** | 0 | 0 | **116.33** |
| **BSP** | 0 | 0 | - | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **NCP** | 5.00 | 0.50 | - | **5.50** | 5.61 | 0 | 0 | **5.61** |
| **CPI** | 0.297 | 1.00 | - | **1.297** | 0.55 | 0 | 0 | **0.55** |
| **CPM** | 2.65 | 0.05 | - | **2.70** | 1.75 | 0 | 0 | **1.75** |
| **HJC-BL** | 0 | 0 | **166.23** | **166.23** | 168.53 | 0 | 0 | **168.53** |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **INLD** | 29.50 | 0 | - | **29.50** | 48.60 | 147.00 | 22.45 | **218.05** |
| **Total** | **Rs 1,176.75 lakhs** | **Rs 230.55 lakhs** | **Rs 166.23 lakhs** | **Rs 1,573.53 lakhs** | **Rs 656.37 lakhs** | **Rs 908.67 lakhs** | **Rs 22.45 lakhs** | **Rs 1,587.49 lakhs** |


**तालिका– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत किए गए चंदे और चुनाव खर्च का विवरण**

## राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों द्वारा विभिन्न मदों पर किये गए खर्च का विश्लेषण

- चुनाव के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने अधिकतर प्रचार–प्रसार (रू. 12.23 करोड़) पर खर्च किया है। जिसमें उम्मीदवारों पर रू. 3.27 करोड़ और यात्रा पर 0.32 करोड़ खर्च किया गया।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों ने प्रचार पर 77 प्रतिशत, 20 प्रतिशत उम्मीदवारों पर, 2 प्रतिशत यात्रा पर और 1 प्रतिशत अन्य खर्च, पर खर्च किया।
- कांग्रेस ने रू. 10.77 करोड़ में से 7.62 करोड़ प्रचार–प्रसार पर खर्च किया, जो दल के कुल खर्च का 70.75 प्रतिशत था और रू. 3.15 करोड़ (29.25 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर खर्च किया।
- एचजेसी–बीएल ने रू. 1.66 करोड़ प्रचार–प्रसार पर खर्च किया। जिसमें रू. 0.2 करोड़ अन्य खर्च है। आईएनएलडी ने रू. 1.98 करोड़ प्रचार–प्रसार पर खर्च किया जिसमें रू. 0.2 करोड़ यात्रा पर है।

**Expenditure of political parties during Haryana Assembly Elections, 2009 (Rs in Lakhs)**

| Political Party | Publicity | Travel | Others / Miscellaneous Expenses | Expenditure Towards Candidates | Total Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|
| **INC** | 761.67 | 0 | 0 | 315.00 | **1,076.67** |
| **BJP** | 95.20 | 9.89 | 11.24 | 0.00 | **116.33** |
| **BSP** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| **NCP** | 1.38 | 1.43 | 2.80 | 0 | **5.61** |
| **CPI** | 0.06 | 0.19 | 0.19 | 0 | **0.44** |
| **CPM** | 0.39 | 0 | 0 | 10.00 | **10.39** |
| **HJC-BL** | 165.91 | 0.72 | 1.90 | 1.76 | **170.29** |
| **INLD** | 198.10 | 19.95 | 0 | 0 | **218.05** |
| **Total** | **Rs 1,222.71 lakhs** | **Rs 32.18 lakhs** | **Rs 16.13 lakhs** | **Rs 326.76 lakhs** | **Rs 1,597.78 lakhs** |




**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न मदो पर किये गए चुनाव खर्च का विवरण**

# चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के प्रचार पर खर्च का ब्यौरा

- प्रचार के तहत खर्च करने के मुख्यत: सात आईटम हैं– **मुद्रित सामग्री** (चुनावी घोषणा पत्र, पम्पलेटस, पोस्टर, हैंडविल्स आदि), **इलेक्ट्रोनिक मीडिया** (टाइम स्लाउट्स ) का आंबटन, वीडियों फिल्मस तैयार कराना, ऑडियों कैसेट्स तैयार कराना, कट आउटस बनबाना, समाचार पत्रों में प्रचार के लिए सामग्री जारी करना, पत्रिका में प्रचार करबाना, होर्डिंग, बैनर झंडा, तोरणद्वार और अन्य मद में खर्च।

- हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों ने इलेक्ट्रोनिक मीडिया पर रू. 5.47 करोड़ (45.58 प्रतिशत), विज्ञापनों पर रू. 4.93 करोड़ (41.08 प्रतिशत) और मुद्रित सामग्री पर रू. 0.595 करोड़ (4.95 प्रतिशत) खर्च किया।


- कांग्रेस ने इलेक्टोनिक मीडिया पर प्रचार के लिए रू0 4.66 करोड़ खर्च किये। जबकि विज्ञापनों में प्रचार के लिए पार्टी ने रू0 2.73 करोड़ खर्च किया।

- एचजेसी–बीएल ने सबसे ज़्यादा रू. 1.14 करोड़ विज्ञापन पर खर्च किया है जबकि आईएनएलडी ने इसी पर रू. 1.05 करोड़ घोषित किया है।

| Political Party | Publicity | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Printed material | Electronic media | Making and distribution of video films | Making and distribution of audio cassettes | Advertisement | Cut-outs, etc. | Through any other means |
| INC | 2,193,500 | 46,577,356 | 0 | 0 | 27,396,391 | 0 | 0 |
| BJP | * | 0 | 0 | 139,975 | 0 | 0 | 7,050,000 |
| BSP | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| NCP | 39,899 | 0 | 0 | 0 | 0 | 98,423 | 0 |
| CPI | 5,275 | 0 | 0 | 1,200 | 0 | 0 | 0 |
| CPM | 17,611 | 0 | 0 | 500 | 0 | 20,480 | 190 |
| HJC-BL | 3,388,000 | 0 | 80,000 | 0 | 11,362,800 | 0 | 1,760,000 |
| INLD | 306,020 | 8,144,464 | 0 | 0 | 10,491,699 | 618,000 | 250,000 |
| Total | Rs 5,950,305 (~ Rs 59.5 lakhs) | Rs 54,721,820 (~ Rs 547.21 lakhs) | Rs 80,000 (~ Rs 0.8 lakhs) | Rs 141,675 (~ Rs 1.42 lakhs) | Rs 49,250,890 (~ Rs 492.51 lakhs) | Rs 736,903 (~Rs 7.37 lakhs) | Rs 9,060,190 (~ Rs 90.6 lakhs) |

**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार–प्रसार पर खर्च की गई राशि का विवरण**

**[*भाजपा ने मुद्रित सामग्री के प्रचार पर गलत डाटा घोषित किया है जिसके परिणामस्वरूप प्रचार पर कुल खर्च को नही जोड़ा गया हे। भाजपा के लिए मुद्रित सामग्री के डाटा को इस रिपोर्ट में शामिल नही किया गया है।]**




**आलेख– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्रचार–प्रसार पर खर्च की गई राशि का विवरण**

## राजनीतिक दलों के यात्रा पर खर्च का ब्यौरा

- ☞ यात्रा के तहत खर्च करने के मुख्यतः 2 मद हैं– **यात्रा खर्च, और उम्मीदवारों और श्रमिकों के यात्रा खर्च।** यह रेलगाड़ी, विमान या हेलीकाप्टर, चार, तीन और दो पहिया वाहन और पशु परिवहन यात्रा में विभाजित है।
- ☞ कांग्रेस और सीपीएम, दोनो दलों ने यात्रा पर कोई खर्च घोषित नही किया।
- ☞ आईएनएलडी ने यात्रा पर सबसे ज़्यादा रू. 19.95 लाख दर्शाया है जबकि भाजपा ने इस पर रू. 9.89 लाख दर्शाया है।
- ☞ आईएनएलडी एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने हेलीकाप्टर और विमान पर खर्च दर्शाया। इसने 100 प्रतिशत यात्रा खर्च (रू. 19.95 लाख) हेलीकाप्टर और विमान किराये पर खर्च किया।

| Expenditure by political parties on travel during Haryana Assembly Elections, 2009 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **INC** | **BJP** | **BSP** | **NCP** | **CPI** | **CPM** | **INLD** | **HJC (BL)** | **Total** |
| 0 | Rs 9.89 lakhs | 0 | Rs 1.43 lakhs | Rs 0.19 lakhs | 0 | Rs 19.95 lakhs | Rs 0.72 lakhs | **Rs 32.18 lakhs** |

**तालिका– हरियाणा विधानसभा चुनाव 2009 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा यात्रा पर खर्च की गई राशि का विवरण**

## सम्पर्कः

## हरियाणा इलेक्शन वॉच (एच.ई.डब्लयू)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 | ई–मेल |
|---|---|---|---|
| श्री जसकीरत सिंह | स्टेट कोर्डिनेटर | + 91 93160 84953 | jaskirats@gmail.com |

## एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 | ई–मेल |
|---|---|---|---|
| मीडिया और पत्रकार हैल्पलाईन | | + 91 80103 94248 | adr@adrindia.org |
| मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अनिल वर्मा | हेड, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 88264 79910 | anilverma@adrindia.org |
| प्रोफेसर त्रिलोचन शास्त्री आई.आई.एम बैंगलोर | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 94483 53285 | trilochans@iimb.ernet.in |
| प्रोफेसर जगदीप छोकर सेवानिवृत्त आई.आई.एम अहमदाबाद, | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | + 91 99996 20944 | jchhokar@gmail.com |
| श्री अजीत राणाडे | फाउण्डर मेम्बर, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिर्फोम्स एंव नेशनल इलेक्शन वॉच | +9702215312 | ajit.ranade@adrindia.org |